भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 577

गुरुवार, 25 जुलाई, 2024/3 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

गुजरात में नए हवाई अड्डे

577. **श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर**:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने पिछले पांच वर्षों में गुजरात में नए हवाई अड्डे बनाए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या सरकार की गुजरात में नए हवाई अड्डे बनाने की कोई योजना है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
नागर विमानन राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) : पिछले पांच वर्षों के दौरान, गुजरात राज्य में राजकोट (हीरासर) ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे को दिनांक 27.07.2023 को परिचालित किया गया है।

(ख) : भारत सरकार ने गुजरात के धोलेरा में एक नए ग्रीनफील्ड हवाईअड्डे की स्थापना के लिए 'सैद्धांतिक' अनुमोदन दे दिया है। धोलेरा हवाईअड्डे की परियोजना मेसर्स धोलेरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट कंपनी लिमिटेड (डीआईएसीएल) द्वारा शुरू की गई है, जो भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा), गुजरात सरकार (जीओजी) और राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास और कार्यान्वयन ट्रस्ट (एनआईसीडीआईटी) की एक संयुक्त उद्यम कंपनी है। हवाईअड्डों के निर्माण की समयसीमा विभिन्न कारकों जैसे भूमि अधिग्रहण, अनिवार्य मंजूरी, बाधाओं को दूर करना, संबंधित हवाईअड्डा विकासकर्ता द्वारा वित्तीय समापन, आदि पर निर्भर करती है।

******